मंगल पाण्डेय
मंत्री
स्वास्थ्य, पथ निर्माण,
कला–संस्कृति एवं युवा विभाग
बिहार, पटना

बिहार सरकार

Mangal Pandey
Minister
Health, Road Construction,
Art, Culture & Youth Department
Bihar, Patna

पत्रांक 19

दिनांक 05/01/2021

आदरणीय श्री नीतीश मिश्रा जी,

नमस्कार ।

आपका मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर में खेलो इंडिया योजना के तहत बहुद्देशीय इन्डोर हॉल, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं स्वीमिंग पुल में से किसी एक योजना के निर्माण से संबंधित पत्र पत्रांक–177/2020, दिनांक– 31.12.2020 प्राप्त हुआ। अग्रेतर कार्रवाई हेतु संदर्भित पत्र संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित किया गया है।

सूचनार्थ।

(मंगल पाण्डेय)
5-1-21

सेवा में,

श्री नीतीश मिश्रा,
माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा
112, कौटिल्य नगर, पटना–14

कार्यालय : विकास भवन, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800015, दूरभाष–0612–2215330, फैक्स नं.–0612–2215603, (स्वास्थ्य विभाग)
विकास भवन, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800015, टेली+फैक्स–0612–2215688, (कला–संस्कृति एवं युवा विभाग)
विश्वेश्वरैया भवन, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800015, दूरभाष–0612–2546115, फैक्स नं. 0612–2545942 (पथ निर्माण विभाग)
आवास : 04 टेलर रोड, पटना–800001, दूरभाष–0612–2234455, 2217050, फैक्स नं. 0612–2204456
ई–मेल : healthministercellbihar@gmail.com

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 177/2020
Dt-31.12.2020

माननीय मंत्री
कला संस्कृति एवं युवा विभाग
बिहार, पटना

विषयः– केन्द्र सरकार के "खेलो इंडिया योजना" के तहत झंझारपुर (मधुबनी) के बहुद्देशीय इनडोर हॉल, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं स्वीमिंग पुल मे से किसी एक योजना की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना हे कि बिहार में खेलकूद की आधारभूत संरचना के लिए केन्द्र सरकार ने "खेलो इंडिया योजना" के तहत 10 योजनाओं के लिए राज्य सरकार से स्थान चयनित कर स्वीकृति प्रदान करने को कहा गया है। इन योजना के तहत 7 जिलों में बहुद्देशीय इंडोर हॉल, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं स्वीमिंग पुल का निर्माण होना है।

मधुबनी जिला का झंझारपुर सबसे पुराना अनुमंडल है जहाँ नगर पंचायत बिहार एवं भारत सरकार के कई कार्यालय, अस्पताल, विद्यालय, खेल मैदान, रेलवे जं०, महाविद्यालय, न्यायालय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान है। खेल के क्षेत्र में यह पिछड़ा है। वैसे यहाँ के लड़के–लड़कियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, पर उसे सजाने–सवांरने के लिए उपर्युक्त स्थान नहीं मिल पाया है। यहाँ के अनेक खिलाड़ी अपने मेहनत के बल पर राज्य एवं राष्ट्रीय खेलों में प्रदर्शन किये है। "खेलो इंडिया" योजना के तहत झंझारपुर को चयन किया जाना नितांत आवश्यक हैं यहाँ उपर्युक्त जगह की कोई कमी नहीं है।

सरकार द्वारा खेल प्रतिभा को निखारने हेतु "एकलव्य खेल–योजना" के तहत फुटबॉल के लिए झंझारपुर में प्रशिक्षण एवं प्रतिभा संपन्न कराया जा रहा है। बिहार सरकार के खेलों में बढ़ती रूची के कारण झंझारपुर में ललित–कर्पूरी स्टेडियम का निर्माण कराया गया है।

अतः अनुरोध है कि उक्त योजना के तहत झंझारपुर (मधुबनी) को चयन करने पर आवश्यक विचार करना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in